महत्वपूर्ण एवं खास

डिलीवरी ब्वाय ने किया आईफोन चोरी

रायपुर (आरएनएस)। डिलीवरी ब्वाय ने लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक से मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष चंदानी 36 वर्ष एटीएम चौक अवंतिविहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के महामाया मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में आरोपी राम मिश्रा डिलीवरी ब्वाय का काम करता है। प्रार्थी ने आरोपी राम मिश्रा को मालवीय रोड स्थित लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक से अपना आई फोन लाने भेजा था। जिससे आरोपी आईफोन लेकर फरार हो गया। चोरी गए आईफोन की कीमत करीब 1 लाख 24 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दंपति से मारपीट, जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। विवेकानंद चौक बोरियाखुर्द में एक दंपति से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बता दें कि प्रार्थी मनोज कुमार साहू 32 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राजेन्द्र साहू, रेखा व रवि डोंगरे ने प्रार्थी मनोज साहू व उसकी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पैसे के लेन देन पर होटल संचालक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। ब्रम्हदेई पारा खमतराई में स्थित होटल पर अज्ञात दो लडक़ों ने नास्ता करने के बाद पैसे के लेन देन को लेकर होटल मालिक से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छत्रपाल साहू 24 वर्ष ब्रम्हदेईपारा खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी होटल चलाता है। बताया जाता है कि कल दो अज्ञात लडक़े प्रार्थी के होटल में नास्ता करने आए और नास्ता करने के बाद ऑनलाइन पेमेंट करने लगा। जिससे प्रार्थी ने नकद पैसा देने को कहा। जिससे दोनों लडक़ों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर चालक ने पैदल जा रहे युवक को रौंदा

रायपुर (आरएनएस)। बाजार चौक चंगोराभाठा में ट्रैक्टर की ठोर से एक युवक की मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शत्रुहन साहू 54 वर्ष चंगोराभाठा का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल शाम वह पैदल बाजार चौक से अपने घर जा रहा था तभी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एलएन 4213 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शत्रुहन को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। वहीं पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बलौदाबाजार (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना के ग्राम साबर में प्रेमी जोड़े ने एक ही पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दिया। दरअसल, 16 साल की हुई युवती और 20 साल के युवक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक ही मोहल्ले के रहने वाले दोनों प्रेमी जोड़े, एक – दूसरे से इतनी मोहब्बत करते थे कि दोनों ने एक साथ खुदकुशी को गले लगाना उचित समझा और दोनों एक ही पेड़ में फांसी के फंदे से झूल गए पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना की जांच में जुटी। प्रथम दृष्टया मामला प्रेमप्रसंग का बताया जा रहा है।

जगार-2022 : सिद्धहस्त शिल्पियों को वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 के राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया

- -मुख्यमंत्री बघेल ने मेला में स्टॉलों का अवलोकन करते हुए शिल्पकारों को किया प्रोत्साहित
- -पंडरी हाट बाजार में 19 जून तक चलने वाले 10 दिवसीय जगार मेला को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद
- -मेले में लगाए गए हैं छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों के 140 स्टॉल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ पंडरी हाट बाजार परिसर में आयोजित दस दिवसीय ''जगार-2022'' मेले में पहुंचे और वहां लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। बघेल ने इस अवसर पर शिल्पकारों और बुनकरों के कलाकृतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। गौरतलब है कि मेले में छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों के शिल्पकारों एवं बुनकरों के विभिन्न उत्पाद के प्रदर्शन सह विक्रय के लिए 140 स्टॉल लगे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस आयोजन के लिए हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप और विभागीय अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिल्पकारों और बुनकरों के उत्पादों को जगार मेले में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नवीन शबरी एम्पोरियम का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड कुलदीप जुनेजा, माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष बालम चक्रधारी, संचालक ग्रामोद्योग सुधाकर खलखो, महाप्रबंधक हस्तशिल्प बोर्ड शंकरलाल ध्रुर्वे मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल को रायपुर के आर्टिस्ट राहुल दत्ता ने मुख्यमंत्री की पोर्टेट और बनारस घाट की तस्वीर भेंट की।

उल्लेखनीय है कि जगार मेला 10 जून से शुरू हुआ है और 19 जून तक चलेगा। दस दिवसीय जगार मेला में लगी प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी है। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त 12 राज्यों के हस्तशिल्पकारों को अपनी उत्पाद का प्रदर्शन सह विक्रय के लिए आए हुए है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड कुलदीप जुनेजा, माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष बालम चक्रधारी, संचालक ग्रामोद्योग सुधाकर खलखो, महाप्रबंधक हस्तशिल्प बोर्ड शंकरलाल ध्रुर्वे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर सिद्धहस्त शिल्पकारों को राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार और आई.आई.सी. डी. जयपुर से उत्तीर्ण हुए बुनकर छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयनित शिल्पियों में अम्बालाल झारा, ढ़ोकरा शिल्पकार जिला-रायगढ़, तिलोचनी देवांगन, तुमा शिल्पी जिला-बस्तर, रेणु विश्वकर्मा, पेपर मेशी आर्ट शिल्पी, जिला-रायपुर, फरहारो प्रजापति, गोदना शिल्पी, जिला सरगुजा और प्रतिमा डहरवाल, भित्ती चित्र शिल्पी, जिला-रायपुर को वर्ष 2019-20 का राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह जितेन्द्र कुमार बैद्य, ढ़ोकरा शिल्पकार जिला-कोण्डागांव और चांईबाई झारा, ढ़ोकरा शिल्पी जिला-रायगढ़, भागेलाल सोड़ी, लौह शिल्पकार जिला कोण्डागांव, दशरथ कश्यप, काष्ठ शिल्पकार, जिला-बस्तर तथा चम्पा पावले, गोदना शिल्प जिला-सरगुजा को वर्ष 2020-21 का राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आई.आई.सी.डी. जयपुर से उत्तीर्ण हुए छात्रों में राजेश कुमार, दीपक झोरका, मनोज कुमार तथा राजेन्द्र को वर्ष 2020 (क्राफ्ट डिजाईन) हार्ड मटीरियल एप्लीकेशन में 04 वर्षीय डिप्लोमा के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

पार्किंग, फुटपाथ पर रखी विक्रय सामग्री को हटाया गया

- नगर निगम कोरबा व यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा एवं यातायात विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए टी.पी.नगर चौक से सुनालिया चौक तक सडक़ किनारे पार्किंग व फुटपाथ पर विक्रय एवं प्रदर्शन हेतु रखी गई सामग्रियों को हटवाया तथा संबंधित दुकानदारों को हिदायत दी कि वे पुन: सामग्रियों को पार्किंग व फुटपाथ पर न रखें। यातायात व्यवस्था बनाए रखनें में सहयोग दें ताकि आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान उपस्थित न हों।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में, मुख्य मार्गो पर वाहन पार्किंग हेतु सडक़ व दुकानों के बीच पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, साथ ही ही फुटपाथ भी निर्मित हैं, इन पार्किंग स्थलों व फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा प्रदर्शन व विक्रय हेतु काफी मात्रा में सामग्रियॉ रख दी जाती है, इससे एक ओर जहॉ वाहनों की पार्किंग हेतु रिक्त स्थल उपलब्ध नहीं रहता, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था बाधित होती है, आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिक निगम केारबा एवं यातायात विभाग के संयुक्त अमले ने टी.पी.नगर चौक से सुनालिया चौक तक कार्यवाही करते हुए फुटपाथ व पार्किंग में रखी गई विक्रय व प्रदर्शन सामग्रियों को हटवाया तथा संबंधित दुकानदारों को हिदायत दी कि वे पुन: सामग्रियों को पार्किंग, फुटपाथ पर कदापि न रखें, आवागमन में अवरोध उपस्थित न करें तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

सतत नजर रखें, कार्यवाही करें- आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के मैदानी अमले एवं अतिक्रमण दस्ते को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे शहर के पार्किंग स्थलों, फुटपाथ आदि के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों में अस्थाई अतिक्रमण पर सतत रूप से नजर रखें, जहॉ पर भी इस प्रकार का अतिक्रमण दिखें, उस पर तुरंत समुचित कार्यवाही करवाएं। उन्होने दुकानदारों व व्यवसायीबंधुओं से भी अपील करते हुए कहा है कि पार्किंग स्थलों, फुटपाथ आदि पर विक्रय सामग्री प्रदर्शन हेतु रखने पर वाहनों की पार्किंग व यातायात व्यवस्था बाधित होती है, आमजन को अनावश्यक परेशानी होती है, अत: इन स्थलों पर सामग्रियॉ न रखें, शहर की यातायात व पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दें तथा प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें।

धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर (आरएनएस)। गुरुवार को मानपुर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक स्पंदना स्फूर्ती फायनेंस कंपनी के प्रबंधक रितेश टंडन थाना सूरजपुर में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि सुनील यादव व 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा स्पंदना स्फूर्ती फायनेंस कंपनी के माध्यम से महिलाओं का समूह बनाकर ऋण दिया जाता था जिसे दोनों कर्मचारियों ने कस्टमर के नाम पर बिना किसी जानकारी के उनके नाम पर लोन लेकर राशि को खुद अपने उपयोग में लाया गया, इन दोनों के द्वारा 38 ग्राहकों का रकम 523914 रूपये निकाल कर धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 206/19 धारा 420, 409, 34 भादसं. का मामला पंजीबद्ध किया गया, मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने प्रकरण में फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकडऩे के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच नई तकनीक की मदद से जानकारी मिली कि आरोपी मध्यप्रदेश के अनुपपुर में है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने अनुपपुर पहुंच और घेराबंदी कर आरोपी सुनील यादव पिता सुरेश यादव उम्र 31 वर्ष ग्राम पसला, जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने धोखाधड़ी को अपने 1 साथी के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया।

शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे अतिथि शिक्षक

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो गई है, वहीं बस्तर में 2100 स्थानीय अतिथि शिक्षक अपनी हड़ताल जारी रखे हुए हैं। इन स्थानीय अतिथि शिक्षकों की सेवा सत्र के आखिरी महीनों में ली जाती है, लेकिन स्थानीय अतिथि शिक्षक सत्र के शुरुआत में ही ज्वाइनिंग देने की मांग कर रहे हैं। अब तक शासन या प्रशासन की ओर से बातचीत की कोई पहल नहीं की गई है, जिससे इन अथिति शिक्षकों का सब्र का बांध टूटने लगा है। स्थानीय अतिथि शिक्षक अपनी 09 सूत्रीय मांगों को लेकर 01 जून से हड़ताल पर हैं।

दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव जिले में इन शिक्षकों की भर्ती स्थानीय अतिथि शिक्षक के रूप में की गई है, वहीं बस्तर जिले में शिक्षक सेवक, सुकमा और बीजापुर में शिक्षा दूत के रूप में इनकी नियुक्ति हुई। स्थानीय शिक्षकों का कहना है कि नियमित शिक्षकों के स्कूल ज्वाइन करते ही उन्हें नौकरी से बेदखल कर दिया जा रहा है। हड़ताल में बैठी कई महिलाएं काफी दूर-दूर से जगदलपुर शहर पहुंची है। इनकी उम्मीद यही है कि इस धरना से सरकार उनकी मांगों को सुनेगी और उन्हें दोबारा एक रोजगार मिल पाएगा।

महिलाओं की तस्करी रोकने, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास के संबंध में राज्य महिला आयोग ने सुनवाई के दौरान संबंधित विषयों पर की चर्चा

- पीडित महिला आयोग के व्हाट्सएप नम्बर 9098382225 पर कर सकते है शिकायत

कोरबा । राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में महिला तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीडि़तों के पुनर्वास से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आज जिला पंचायत कोरबा के सभा कक्ष में मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीडि़तों के पुनर्वास विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के जिला संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान के अधिकारी, मानव तस्करी रोकथाम पर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिले के पुलिस विभाग के अधिकारीगण शामिल हुए। महिलाओं पर अत्याचार से संबंधित शिकायत पीडि़त महिला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप कॉल सेंटर नम्बर 9098382225 पर सम्पर्क कर या सम्बंधित जिले के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर दर्ज करा सकते हैं।

इस कार्यशाला में आधुनिकीकरण, आर्थिक विकास, पलायन एवं अन्य नवीन परिदृश्य में मानव तस्करी विशेषकर महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीडि़तों के पुनर्वास विषय पर परिचर्चा की गयी। साथ ही नीति तैयार करने पर विचार किया गया। मौजूदा कानून तथा नए लागू हुए कानून के क्रियान्वयन एवं प्रभाव तथा आवश्यक संशोधन पर भी परिचर्चा की गयी। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य में मानव व्यापार विशेषकर महिलाओं के अनैतिक व्यापार की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। मानव व्यापार में सबसे अहम भूमिका प्लेसमेंट एजेंसियों की होती है, जो अच्छी नौकरी का प्रलोभन देकर मेट्रो सिटी में ले जाकर उनकी तस्करी करते है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर से 5543 यूनिट रक्त संग्रह, जिला ब्लड बैंक पुरस्कृत

कोरबा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन न्यू सर्जिट हाउस सिविल लाइन रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक , शैक्षणिक, युवा, औधौगिक ग्रामीण, राजनैतिक आदि क्षेत्रों में कार्यरत संस्था, व्यक्ति को सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में आदिवासी क्षेत्र में सबसे अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से 5543 यूनिट संग्रह कर सिकल सेल, थैलेसिमिया, हीमोफिलिया के मरीजों को नि:शुल्क रक्त प्रदाय किए जाने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति नीरज बंसोड़ आइएएस संचालक चिकित्सा शिक्षा डा विष्णुदत, अधिष्ठाता मेडिकल कालेज रायपुर, डा तृप्ति नागरिया, अतिरिक्त परियोजना संचालक डा एसके बिझंवार, डा मीरा बघेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विजय श्याम ठाकुर सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सालय की और से ब्लड सेंटर प्रभारी डा जीएस जात्रा व वीणा मिस्री परामर्शदाता, भरत जायसवाल ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि चार वृहद रक्तदान शिविर आयोजित कर 785 यूनिट रक्त इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराने के लिए भारत एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड को भी सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी शाखा कोरबा को 540 यूनिट रक्त चिकित्सालय के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिये सम्मानित किया गया। प्रेम मदान 58 वर्ष को 106 बार रक्तदान करने के लिये सम्मानित किया गया। राजश्री अय्यर उम्र 54 वर्ष को 56 बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

सिकल सेल, हीमोफिलिया, थैलेसिमिया, के मरीजों को 5543 यूनिट रक्त नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिये डा जीएस जात्रा ब्लड सेंटर प्रभारी को सम्मानित किया गया। विगत पांच वर्षों से लगातार रक्तदान के क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक, शैक्षणिक, औधौगिक प्रतिष्ठानों से समन्वय कर 3402 यूनिट रक्त, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करवाकर चिकित्सालय के ब्लड सेंटर के लिए रक्त संग्रहित कराने में प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए वीणा मिस्री परामर्शदाता को सम्मानित किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

प्री-मानसून का असर, कुसमुंडा, दीपका और गेवरा खदान में कोयला का उत्पादन प्रभावित

कोरबा । प्री.मानसून बारिश का असर जिले के खुली खदानों में अभी से नजर आने लगा है। बुधवार शाम से देर रात तक लगातार लगभग 5 घंटे तक बारिश हुई। इससे जिले में स्थित एसईसीएल के मेगा कोल परियोजनाओं में उत्पादन कार्य पर असर पड़ा है। प्री.मानूसन के शुरुआती बारिश से ही जिले के अलग-अलग कोयला खदानों में प्रतिदिन का कोल प्रोडक्शन प्रभावित हुआ है। अन्य दिनों की अपेक्षा कोयला उत्पादन के आंकड़ों से इसका पता चलता है।

खदानों में 10 हजार टन से लेकर 20 हजार टन तक कोयला उत्पादन कम हुआ है। गेवरा परियोजना में कुछ दिनों पहले तक खदान से हर दिन 1.40 लाख टन या इससे अधिक कोयला उत्पादन हो रहा था, जबकि बुधवार को 1.29 लाख टन तक कोयला उत्पादन हुआ। दीपका में सामान्य दिनों होने वाले 82.85 हजार टन कोल प्रोडक्शन के मुकाबले 62 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ। वहीं कुसमुंडा प्रोजेक्ट में भी डेली कोल प्रोडक्शन में 20 हजार टन तक की कमी रही। इसके कारण एसईसीएल के उत्पादन लक्ष्य पर भी प्रभाव पड़ा है। पिछले कुछ दिनों से एसईसीएल में जहां डेली प्रोडक्शन टारगेट के मुकाबले 3.80 लाख टन तक था, जो बारिश के चलते बुधवार को 3.20 लाख टन तक कोयला उत्पादन हुआ है। एसईसीएल के मानिकपुर में 12 हजार टन और सराईपाली खदान में 3500 टन कोयला निकाला गया। बता दें कि कटघोरा ब्लॉक मे काफी बारिश हुई है। कपनी के मेगा परियोजना इसी ब्लॉक में हैं। प्रबंधन के एक अधिकारी ने कहा कि बारिश के दिनों में उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है लेकिन अभी ज्यादा असर नहीं है।

बीते वर्ष मानसून के दौरान जिले के मेगा परियोजनाओं में कोयला उत्पादन पर व्यापक असर पड़ा था। इसकी वजह से कोयला संकट खड़ा हो गया था। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार एसईसीएल के खुले कोयला खदानों में एसईसीएल की ओर से उसे सुरक्षा अभियान भी चलाया गया है। जिसके तहत खदानों के पंटून में रखरखाव, पंपों का रखरखाव, हॉल रोड का निर्माण, रिटेनिंग वॉल और तटबंध का रखरखाव सहित अन्य कार्यों पर जोर दिया गया है ताकि जलभराव ना हो और अन्य काम भी बाधित न हो। हालांकि ये देखने वाली बात है कि आगे बारिश के दिनों में इस अभियान का कितना लाभ मिलेगा।

एसईसीएल के खदानों से राज्य पावर कंपनी के बिजली प्लांटों में कोयला सप्लाई होता है। बारिश की वजह से आंशिक रूप से खदानों में कोल डिस्पैच पर भी असर पड़ा है। एचटीपीपी में प्रतिदिन कोयले की खपत 22 हजार टन है।